MAHARAJGANJ POLICE

सराहनीय कार्य का विवरण- दिनांक 27.01.2025

1. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं संदिग्धों की चेकिंग- जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर *134* वाहनों का चालान किया गया।

2. शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही- जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- *07* व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-170 वीएनएस मे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

3. "मिशन शक्ति अभियान" के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं/महिलाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महराजगंज पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरुक।

4. पैदल गश्त अभियान- श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे पैदल गश्त अभियान के तहत जनपदीय पुलिस के सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर पैदल गश्त अभियान को जारी रखते हुए दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम जनता से सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनकी समस्या सुनी गयी। कस्बों में स्थित बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केन्द्रों एवं अन्य वित्तीय प्रतिष्ठानों आदि के सुरक्षार्थ सघन चेकिंग अभियान चलाकर आस-पास खड़े संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की गई। नागरिकों एवं आम जनमानस से संवाद स्थापित कर प्रमुख चौराहों, सड़क की पटरियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया, जिससे चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात सुगम हो सके। जनपदीय पुलिस द्वारा धारा *34* पुलिस एक्ट मे *00* व्यक्तियों के विरूद्ध व *110* जी मे *22* व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।

5. पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों, कास्तकारों, किसानों के साथ थानों में शान्ति समिति की बैठकें कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।

थाना श्यामदेउरवा द्वारा की गयी कार्यवाही- अभियुक्त 1- धर्मदेव सिंह पुत्र नर्वदा सिंह निवासी श्यामदेउरवा थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज उम्र करीब 48 वर्ष 2.संजय यादव पुत्र रामानन्द निवासी धरमौली थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज उम्र करीब 30 वर्ष 3.बृजेश उर्फ सोहन पुत्र रामानन्द निवासी सुमेरगढ़ टोला पाण्डेयपुर थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज उम्र करीब 35 वर्ष 4. अयोध्या प्रसाद उर्फ परदेशी पुत्र प्रहलाद निवासी हरपुर तिवारी थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज उम्र करीब 37 वर्ष उपरोक्त अभियुक्तगम एक सातिक किस्म का गुण्डा व मनबढ़ किस्म के व्यक्ति है के विरूद्ध 2/3 उ0प्र0 गुण्डा निवारण अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना परसामलिक द्वारा की गयी कार्यवाही 1- अभियुक्त संदीप साहनी पुत्र चन्द्रशेखर सहानी ग्राम जमुहानी थाना परसामलिक जनपद महराजगंज के पास से 32 टेट्रा पैक बिल्लो रानी ब्राण्ड देशी शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 11/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना कोतवाली द्वारा की गयी कार्यवाही 1- अभियुक्त काशी सहानी पुत्र राजमन निवासी बरगदवा राजा टोला बीट नर्सरी थाना कोतवाली के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 47/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

6.* विवेचनाओं का निस्तारण-* पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्यवाही करते हुए कुल- *07* विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

7. जनपद में 26/27-01-2025 को विभिन्न अपराधों में कुल- *13* अभियुक्तों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।